**Seventeenth Loksabha**

>

Title: Request government to give instruction to central team of survey to include the Reodar and Pindwara for the compensation for drought situation in Rajasthan.

**श्री देवजी पटेल (जालौर)**: धन्यवाद सभापति महोदय । वर्ष 2021 में खरीफ फसल के समय राजस्थान में बहुत कम बारिश हुई थी । इस संबंध में मैंने अगस्त में सीएम और डीएम को पत्र लिखा था और अकाल घोषित करने के लिए उनसे रिक्वेस्ट की थी । राजस्थान के अंदर सरकार किसानों के साथ अन्याय कर रही है । उसका जीता-जागता उदाहरण मेरे संसदीय क्षेत्र में मिला । वर्ष 2021 में खरीफ फसल के संबंध में मैंने पत्र लिखा था । उसके बाद, केंद्र से सर्वे के लिए एक टीम भेजी गई थी । जब हम उस टीम के साथ जुडे, तो उस टीम ने हमें बताया कि मेरे संसदीय क्षेत्र में जो सिरोही जिला है, उसमें से मात्र दो ब्लॉक्स को लिया गया । रेवदर और पिंडवाड़ा ब्लॉक को छोड़ दिया गया । प्रधान मंत्री फसल बीमा योजना के तहत रेवदर और पिंडवाड़ा में फसल बीमा का लाभ मिला । लेकिन, अकाल का जो सर्वे करना था, उसके लिए केंद्रीय टीम को गुमराह किया गया और उनसे सर्वे नहीं करवाया गया ।

महोदय, मेरा आपके माध्यम से सरकार से एक अनुरोध है । हमने वहां पर केंद्रीय टीम को एक ज्ञापन दिया था । मेरे एमएलए ने भी ज्ञापन दिया था । ये जो दो विधान सभा क्षेत्र हैं, वहां भारतीय जनता पार्टी के एमएलए हैं । जिस ब्लॉक को लिया गया, वह कांग्रेस समर्पित एक निर्दलीय एमएलए का है । इसीलिए, उस ब्लॉक को चयनित किया गया ।

महोदय, मैं आपके माध्यम से मांग करता हूं कि यहां से उनको निर्देश दिया जाए कि केंद्रीय टीम जो सर्वे करके आई है, उसमें रेवदर और पिंडवाड़ा के जो किसान हैं, उनको भी मुआवजा और राहत मिले । धन्यवाद ।